हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
27 जुलाई 2024, समय 1305

राष्ट्र आज पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ० ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। भारत रत्न से सम्मानित डॉ० कलाम ने भारत के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें 'भारत का मिसाइल मैन' भी कहा जाता है। वर्ष 2015 में आज ही के दिन डॉ० कलाम का निधन हो गया था।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉक्टर कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि डॉक्टर कलाम का जीवन कठिन परिश्रम और संवेदनशीलता का अनूठा संयोजन था जिसने देश विशेषकर युवाओं का प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर बल के कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि बल का अटल समर्पण और निस्वार्थ सेवा सराहनीय है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बहादुर जवान अपनी जान की परवाह किये बगैर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भरसक प्रयास करते हैं और विजयी रहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी के "मन की बात" कार्यक्रम के माध्यम से देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 112 कडी है। श्री मोदी के लगतार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कडी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप newsonair पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के अलावा दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2027 तक देशभर में 25 हज़ार प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है।रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पिछले महीने जून तक देशभर में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में 547 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के अंतर्गत दो हज़ार 47 दवाओं और तीन हज़ार सर्जिकल व चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों को सुलभता से उपलब्ध कराने के लिये प्रयास किया जा रहा है।

डाक विभाग ने कल शाम हरियाणा के जींद जिले के किला जफरगढ़ गांव के ऐतिहासिक किले की सचित्र मुहर जारी की ।अब इस गांव के डाकघर से जो भी डाक देश विदेश में जाएगी उस पर यह सचित्र मुहर लगेगी। इस अवसर पर करनाल मंडल के प्रवर अधीक्षक दविंदर सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सब के लिए गर्व की बात है कि हरियाणा प्रदेश की यह पहली सचित्र मुहर जींद के ऐतिहासिक गांव किला जफरगढ़ पर जारी गई इससे विदेश में भी इस गाँव की पहचान बनेगी । इस सचित्र मुहर में एक अद्वितीय डिजाइन है जो किला जफरगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाता है और स्थानीय समुदाय में इसके महत्व को बनाए रखेगा । उल्लेखनीय है कि यह किला जींद रियासत के राजा सरूप सिंह ने रियासत की सुरक्षा के लिए वर्ष 1858 के आस-पास बनवाया था । बाद में इस किले के नाम से ही गांव का नाम किला जफरगढ रखा गया। इसके बाद राजा ने इस किले को छावनी का रूप दिया और दादरी से आते-जाते राजा व उसकी सेना यहां पर पड़ाव डालती थी। अब ये किला पूरी तरह से खंडहर बन चुका है।

भारतीय डाक विभाग ने पंचकुला के डाकघरों में पवित्र गंगाजल उपलब्ध करवाया है ।अब सभी भक्तजन घर बैठे ही गंगोत्री का गंगाजल आवश्यकता अनुसार आसानी से डाकघर से खरीद सकते है।डाक विभाग के अंबाला मंडल के प्रवर अधीक्षक विजय ने बताया कि गंगाजल 250 मिली लीटर की बोतल मे मिलेगा, जिसकी कीमत 30 रुपये रखी गई है । यह सुविधा पंचकूला जिले के सैक्टर-8 के मुख्य डाकघर एवं कालका, पिंजौर, मनसा देवी परिसर और सैक्टर-5 के उपडाकघरों मे उपलब्ध रहेगी। इसके साथ साथ जिलावासी शिवरात्री के दिन सेक्टर 9 के शिवमंदिर में डाकघर के सहयोग से गंगाजल खरीद सकेंगे।

कल हरियाणा के फरीदाबाद, अंबाला छावनी और कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू हुआ। फरीदाबाद में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने और अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने इन खेलों का आगाज किया। फरीदाबाद जिले में निशानेबाजी और ताइक्वांडो की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।